<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–19.11.2024 (संध्या 1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. 38 विधानसभा सीटों पर कल होनेवाले दूसरे और अंतिम चरण के मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी, सवेरे सात बजे से शाम पांच बजे तक डाले जायेंगे वोट।
2. स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध, चुनाव आयोग ने निर्भीक होकर लोगों से मतदान करने की अपील की।
3. दूसरे चरण में सीएम हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो, भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजूस पार्टी प्रमुख सुदेश महतो और चार मंत्रियों समेत कई प्रमुख नेताओं के भाग्य का होगा फैसला।
4. आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद राज्य में अबतक 200 करोड़ से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी जब्त।

****************

झारखंड में कल दूसरे चरण के मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। इस चरण में 12 जिलों की कुल 38 सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में 55 महिलाओं समेत 528 उम्मीदवार मैदान में हैं। एक करोड़ 23 लाख से अधिक मतदाता इन उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का फैसला करेंगे। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि पोलिंग पार्टियों को मतदान केन्द्रों पर भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया की निगरानी के लिए लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी।

****************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। उन्होंने मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की।

****************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि राज्य में चुनाव की घोषणा के बाद अब तक 200 करोड़ रुपये की अवैध सामग्री और नगदी जब्त की गयी है। उन्होंने यह भी बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के अब तक 90 मामले दर्ज किये गये हैं।

****************

उधर, दुमका विधानसभा क्षेत्र में एक पार्टी के चुनाव प्रभारी की गाड़ी से 4 लाख 61 हजार 500 रुपये बरामद किए गए हैं। वे पिछले कई दिनों से दुमका में रहकर पार्टी संगठन के लिए काम कर रहे थे। हमारे संवाददाता ने बताया कि उन्हें कल शाम चुनाव प्रचार थमने के बाद जिला छोड़ देना था, क्योंकि वे दुमका विधानसभा क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं। आरोपी नेता ने बताया कि ड्राइवर के अस्वस्थ रहने के कारण वे कल रात दुमका से नहीं निकल पाए थे। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

****************

झारखंड विधानसभा चुनाव के राजनीतिक परिदृश्य पर आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृखंला में आज बात होगी पाकुड़ जिले की, जहां दूसरे चरण में कल मतदान होना है। पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

****************

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से पूर्व आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश की ओर से अब से थोड़ी देर बाद रात्रि आठ बजे से आठ बजकर तीस मिनट तक जीवंत परिचर्चा का आयोजन किया गया है। परिचर्चा में दैनिक भाष्कर के राज्य ब्यूरो प्रमुख अमरेन्द्र कुमार और केन्द्रीय विश्वविद्यालय में पत्रकारिता विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर राजेश कुमार भाग लेंगे।

****************

देवघर के रोहिणी नावाडीह रेलवे फाटक के समीप आज एक बड़ी रेल दुर्घटना होने से बच गई। झाझा से आसनसोल जा रही पैसेंजर ट्रेन की नावाडीह के समीप एक ट्रक से जोरदार टक्कर हो गयी, जिससे ट्रेन की कुछ बोगियां पटरी से उतर गयी। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इस हादसे के कारण हावड़ा–पटना मुख्य लाइन पर रेल परिचालन बाधित हुआ है। रेलवे प्रशासन ट्रैक को क्लीयर करने के काम में जुट गया है।

****************

एशियन महिला हॉकी चैम्पियंस ट्राफी में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बना ली है। बिहार के राजगीर में आज खेले गये सेमिफाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने जापान को दो–शून्य से पराजित किया। फाइनल में भारत का मुकाबला चीन से होगा। भारतीय टीम में झारखंड की कई खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

******समाप्त*******